हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

11 सवा लाख से एक लड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद....



11 बाल विवाह के खात्मे के लिए जागरूकता जरूरी



## खबर संक्षेप

### हृदय गति रुकने से युवक की मौत

**जुलाना।** लजवाना कलां गांव के पास एक युवक की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बुढ़ा खेड़ा गांव निवासी 32 वर्षीय पवन कुमार लजवाना कलां गांव में खाद बीज की दुकान चलाता था। वीरवार को देर सायं जब वह दुकान से घर की ओर कार में सवार होकर आ रहा था।

### 13.97 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर दबोचा

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल द्वारा चीका से एक नशा तस्कर को 13.97 ग्राम हेरोइन सहित काबू करने के अतिरिक्त हेरोइन सप्लाई करने वाले चीका निवासी आरोपी को भी काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजकुमार की अगुवाई में एएसआई जगभान सिंह की टीम गश्त दौरान बस अड्डा चीका पर मौजूद थी।

### कॉआप्रेटिव सोसायटी का टूटा, रिकार्ड खंगाला

**जींद।** गांव काकड़ौद के सेंट्रल कॉआप्रेटिव सोसायटी का ताला तोड़ कर चोरी करने की कोशिश की गई। चोरों ने अलमारियों में रखे रिकार्ड को बिखेर दिया। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। काकड़ौद के सेंट्रल कॉआप्रेटिव सोसायटी का बीती रात चोर ताला तोड़ कर अंदर घुस गए। फिर कमरे में रखी अलमारियों के तालों को तोड़ दिया।

### देसी पिस्तौल व कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस द्वारा गांव कैलरम क्षेत्र से एक आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 315 बोर देसी पिस्तौल तथा 1 जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एसआई प्रवीन की टीम सायंकालीन गस्त दौरान कैलरम बस अड्डा पर मौजूद थी।

### मकान का ताला तोड़कर घरेलू सामान चुराया, केस

**जींद।** गांव अमरावली खेड़ा में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर दो बैटरी, गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव अमरावली खेड़ा निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश बाहर गया था। चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर दो बैटरी, गैस चूल्हा व अन्य घरेलू सामान को चोरी कर लिया।

### स्कूल को साउंड सिस्टम छात्रों को गर्म कपड़े सौंपे

**राजौंद।** राजकीय प्राथमिक स्कूल माजरा रोहेड़ा में बलवंत सिंह ने स्कूल के छात्रों को जर्सियां व जुराबें वितरित की। इसके अलावा स्कूल के लिए साउंड सिस्टम भी भेंट किया। सभी बच्चों को मिठाई बांटी गई। दौरान स्कूल इंचार्ज अंग्रेजो देवी,विनोद कुमार, ग्रामीण बजिंदर,सतीश चहल,राजेश कुमार, मेशा,सरपंच सुनीता व पंच कुलबीर सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### पॉवर हाउस से तार के बंडल गायब, केस दर्ज

**जींद।** गांव मुआना पावर हाउस से बिजली तार के बंडल गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव बुढाखेड़ा निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने केबल का ठेका लिया हुआ है।

### अलग अलग मामलों में तीन भगोड़े आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकड़ो स्टाफ द्वारा अलग अलग मामलों में 3 भगौड़े आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा उद्घघोषित आरोपी सिरटा रोड़ कैथल निवासी विजय को काबू कर लिया गया।

---

दो माह बाद भी जनस्वास्थ्य बूस्टर के पास लगे ट्यूबवेल को ठीक नहीं करवा पाया

# पुरानी सब्जी मंडी बूस्टर से पेयजल सप्लाई मिस, क्षेत्र में मचा हाहाकार

**दो दिन से शाम की सप्लाई पर ब्रेक, विधायक से लगाएंगे गुहार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा के आवास से महज कुछ दूरी पर स्थित जन स्वास्थ्य विभाग के पुरानी सब्जी मंडी बूस्टर से पेयजल सप्लाई मिस होने से शहर में पेयजल के लिए इससे जुड़े एरिया में हाहाकार मचा हुआ है। लगभग दो महीने बाद जनस्वास्थ्य विभाग बूस्टर के पास लगे ट्यूबवेल को ठीक नहीं कर पाया है। इसके अलावा बाबा के डेरे में लगे ट्यूबवेल में फाल्ट से दो दिन से शाम की सप्लाई पर ब्रेक जनस्वास्थ्य विभाग लगा रहा है। विभाग की इस कार्य प्रणाली से लोगों में हाहाकार मचा हुआ है और लोग इस बार विधायक के खुले दरबार में अपनी समस्या रखेंगे। जरूरत पड़ी तो जन स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। जनस्वास्थ्य विभाग के इस बूस्टर में ट्यूबवेल के फाल्ट का नतीजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। बुधवार को बिजली सप्लाई मिस होने से और वीरवार को एक अन्य मोटर और जल जाने से लोगों को शाम के समय में पेयजल सप्लाई नही दी गई। पेयजल समस्या से परेशान लोगों का विश्वास अब विभाग से उठने लगा है। उपभोक्ता उजागर, राहुल, विजय, सन्नी, जयपाल, सतपाल आदि ने कहा कि विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते इस बार समस्या ज्यादा बनी है। आज से पहले कभी भी इस प्रकार की दिक्कत नहीं आई। खराब मोटर को ठीक करने में महीनों लग रहे हैं। जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा विभागः विभाग के उदासीनता रवैया साफ झलक रहा है। पहले जो खराब मोटर महज 24 घंटे में ही ठीक हो जाती थी। अब वह कई दिनों में ठीक होती है। उपभोक्ताओं ने कहा कि यदि यही रवैया विभाग का रहा तो वे कनैक्शन कटवाने पर मजबूर होंगे। उन्हें मजबूर होकर सबमर्सिबल पंप लगवाने होंगे।




**जींद।** पुरानी सब्जी मंडी का बूस्टर, जिसमें पेयजल समस्या बन रही है।

**जल्द करवाया जाएगा समाधान**

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ कर्मवीर सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही है। यदि ऐसा है तो इसकी जांच करवाई जाएगी और जल्द समाधान करवाया जाएगा।

**बार बार आ रही परेशानी**

शहर का सबसे पुराना बूस्टर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के आवास से महज कुछ ही मीटर की दूरी पर है। बार-बार आ रही समस्या को लेकर इस बार लोग डिप्टी स्पीकर से मिलकर उनको विभाग की असलियत से रूबरू करवाने का काम करेंगे।

**बड़े हिस्से में पेयजल सप्लाई**

पुरानी सब्जी मंडी बूस्टर से शहर के बहुत बड़े हिस्से को पेयजल बिल ब्रांच बूस्टिंग स्टेशन से सप्लाई होती है। यहां से पेयजल पुरानी सब्जी मंडी का बूस्टर, जिसकी पेयजल सप्लाई बार-बार मिस हो रही है। यहां से सैनी मोहल्ला, दड़ा मोहल्ला, सप्लाई बाजार, दखनिया मंदिर समेत अन्य पुराने शहर में होती है।

**तारों में जगह-जगह जोड़ लगाकर चलाया जा रहा काम**

यह बूस्टर काफी पुराना है लेकिन इसको अभी तक अपडेट नहीं किया गया। बूस्टर के इस समय के हालात को देखकर लगता है कि जन स्वास्थ्य विभाग के इस बूस्टर राम भरोसे छोड़ दिया है। यहां पर जगह-जगह तारों पर जोड़ लगाकर काम चलाया जा रहा है। शहर का इतना पुराना बूस्टर होने के बाद भी इसको अपडेट नहीं किया जा रहा। कई बार आपरेटर को भी करंट लग चुका है। शायद विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। पुरानी सब्जी मंडी के पास बने इस बूस्टर में कभी केबल जल रही है तो कभी सबमर्सिबल पंप की मोटर जलने के कारण पेयजल सप्लाई को एक टाइम मिस किया जा रहा है।

---



**जुलाना।** पेयजल सप्लाई में आए पानी को दिखाते महिलाएं।

# दूषित पेयजल सप्लाई से करसोलावासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के करसोला गांव में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही पेयजल सप्लाई इन दिनों ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। गांव में सप्लाई हो रहे पानी में लगातार गंदगी आ रही है। जिससे लोगों को पीने के साथ-साथ घरेलू उपयोग में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी में मिट्टी, बदबू और कचरा मिला हुआ आ रहा है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद खतरनाक है। नरेंद्र लाठर, मोनू, सतीश, कमला, भतेरी, कमलेश, शीला आदि ने बताया कि गंदे पानी की समस्या पिछले छह महीने से बनी हुई है। कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बारे में अवगत कराया गया लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। कभी कभार पाइप लाइन की जांच या सफाई की औपचारिकता कर दी जाती है लेकिन कुछ ही दिनों में हालात फिर वही हो जाते हैं। गंदे पानी के कारण बच्चों और बुजुर्गों के बीमार पडने का खतरा बढ़ गया है। पेट दर्द, उल्टी, दस्त और त्वचा संबंधी बीमारियों की शिकायतें सामने आ रही हैं। मजबूरी में कई परिवार बाहर से पीने का पानी खरीदने को मजबूर हैं। जिससे उन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। ग्रामीण 15 रुपये प्रति कैंपर रखवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

**शिकायत नही मिली**

जनस्वास्थ्य विभाग जुलाना के जेई नवीन नेहरा ने बताया कि अभी तक ऐसी कोई समस्या की शिकायत नही मिली है। अगर कोई समस्या है तो मौके पर कर्मचारियों को भेज कर समाधान करवाया जाएगा।

---

# जल्द होगा सामुदायिक केंद्र का निर्माण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नगरपालिका चेयरमेन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी और वार्ड नंबर 1 के पार्षद एवं पूर्व अनाज मंडी प्रधान सतीश हजवाना ने अपने साथी पार्षदों के साथ हुडा क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी। चेयरमेन प्रतिनिधि और पार्षदों ने बताया कि हुडा में स्थित सामुदायिक केंद्र का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ होगा। उन्होंने बताया कि हुडा के साथ-साथ बह रहे गंदे नाले की समस्या का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा। विधायक के प्रयासों से नाले की जगह सीवरेज लाइन डालकर हुडा वासियों को राहत दी जाएगी। इसके साथ ही हुडा क्षेत्र में बंदरों के आतंक से भी लोगों को निजात दिलाई गई है, जिससे स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। पार्षद सतीश हजवाना ने बताया कि हुडा क्षेत्र के पार्कों के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए लगभग 20 लाख रुपये की राशि मंजूर होने वाली है।



**पूंडरी।** सामुदायिक केंद्र का दौरे के दौरान राकेश गोस्वामी व अन्य पार्षदगण।

---

# समय पर वेतन व इंसेंटिव न मिलने पर रोष जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की बैठक जिला प्रधान नरेश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समय पर वेतन व इंसेंटिव न मिलने पर रोष जताया गया। जिला प्रधान नरेश ने बताया कि प्रदेश में कार्यरत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ऑनलाइन वर्क स्ट्राइक पर हैं। क्योंकि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का वेतन पिछले एक वर्ष से नियमित रूप से समय पर नही आ रहा तथा हर महीने की तरह इस बार भी दो-तीन महीने की देरी से वेतन मिलने की स्थिति बनी हुई है।



बैठक करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी।

**मांगों को पूरा किया जाए**

उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नही किया जाता तब तक डेली एंट्री, मंथली एंट्री, वेलनेस एंट्री, टैली, एनसीडी, निक्षय एंट्री, युवीन आदि सभी आनलाइन सेवाएं बंद रहेंगी। इसलिए जल्द से जल्द सीचओ की समस्याओं का समाधान कर मांगों को पूरा किया जाए। अगर उनकी मांग पूरी नही हुई तो आने वाले समय में ऑनलाइन वर्क स्ट्राइक के साथ-साथ ऑफलाइन वर्क स्ट्राइक भी किया जाएगा। जिससे आमजन की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**पांच से माह से लंबित**

वहीं परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव भी करीब पांच से महीने से लंबित है। जिससे सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों में रोष है। कहा कि सरकार द्वारा ऑनलाइन एप्लीकेशन प्लेटफॉर्म लांच होने की वजह से डाटा ऑपरेटर का कार्य भी सीएचओ द्वारा ही किया जा रहा है। हर एक प्रोग्राम को डिजिटलाइज कर दिया है और डिजिटाइजेशन सीचओ के द्वारा करने का बार-बार दबाव बनाया जा रहा है। सीचओ आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर कार्यरत हैं जोकि धरातल लेवल पर गांव-गांव में घर-घर तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर से मिलने वाली 12 स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। इन सभी अनावश्यक कार्य की वजह से सीचओ के द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और इन सभी समस्याओं को लेकर स्टेट कार्यकारिणी के द्वारा एमडी एनएचएम को बार-बार अवगत भी करवाया है लेकिन हर बार सीचओ की समस्या समाधान का सिर्फ आश्वासन मिलता रहा है। इसलिए सीएचओ को ऑनलाइन वर्क स्ट्राइक का फैसला लेना पड़ा और पूरे हरियाणा के सीचओ पिछले 12 दिनों से ऑनलाइन वर्क स्ट्राइक पर हैं।

---



**कैथल।** बैठक में विचार विमर्श करते अध्यापक नेता।

**मिड-डे मील में वितरित की जा रही घटिया सामग्रीः अमरनाथ**

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य महासचिव रामपाल शर्मा,जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमर नाथ किठानिया ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अधिकारी प्रमोद कुमार से हरियाणा एग्रो द्वारा जिले में घटिया क्वालिटी के मिड डे मील राशन की सप्लाई के मुद्दे को लेकर बैठक की। जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने बताया कि स्कूलों को सप्लाई किया जा रहा राशन घटिया किस्म का है। पैकेटों पर केवल एक्सपायरी तिथि अंकित की गई है और सामान बनाने वाली कंपनी का नाम तक अंकित नहीं है। खास तौर पर नमक, गुड़ ,चना बेसन बहुत ही निम्न स्तर के हैं। किसी भी वस्तु पर क्रीमत भी नहीं लिखी गई है।स्कूल मुखियाओं ने बताया कि इस राशन के प्रयोग से विद्यार्थियों के बीमार होने की आशंका है। जिले के कई विद्यालयों से लिखित में शिकायत भी संगठन के पास आई है। अध्यापक नेताओं ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से इस मामले पर संज्ञान लेने व राशन की क्वालिटी की जांच की मांग की।

---

# सोने के गहने बनाने का झांसा देकर हड़पे 19 लाख रुपये

**ज्वैलर्स के खिलाफ किया धोखाधड़ी का मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ज्वैलर्स द्वारा सोने के गहने बनाने का झांसा देकर 19 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर ज्वैलर्स के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सैंथली निवासी रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव दनौदा कलां निवासी आनंद ज्वैलर्स की दुकान चला है। उसने अपनी भतीजी की शादी तय की हुई थी। जिसको लेकर उसने सोने के जेवर बनवाने के लिए आनंद से संपर्क किया। जिस पर उसने 13 लाख ऑनलाइन आनंद के खाते में ट्रांसफर कर दिए और छह लाख रुपये नगद दे दिए। आरोपित ने 30 नवंबर को गहने बना कर देने का करार किया था। बावजूद इसके आरोपित ने जेवरात नही बनाए। जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपित ने कुछ समय मांगा। बावजूद इसके आरोपित ने राशि नही लौटाई। जब उसने दबाव बढाया तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। सदर थाना नरवाना पुलिस ने रणधीर की शिकायत पर ज्वैलर्स आनंद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




---



पूर्व सैनिक सूबेदार मुख्तियार सिंह के परिजनों को तिरंगा भेंट करते पूर्व सैनिक

**पूर्व सैनिक सूबेदार मुख्तियार सिंह पंचतंत्र में विलिन**

**कैथल।** पूर्व सैनिक सूबेदार मुख्तियार सिंह ने भारतीय सेना शिक्षा कोर में 28 वर्ष देश सेवा के दौरान माइनस 40 डिग्री बर्फिले इलाके की पहाड़ियों में, तपती गर्मी में रेतीले इलाके एवं देश के जटिल एवं दुर्लभ इलाकों में सेवा देने के साथ साथ श्रीलंका के अंदर शांति दूत बनकर शिक्षा के क्षैत्र में रह कर अपने जवानों का मनोबल बढ़ते रहे और साथियों को वहां से सकुशल लाने में योगदान दिया। सेवानिवृत्ति के बाद, एसो में ओडिटर के पद पर सेवाएं दी और हरियाणा शिक्षा विभाग में भी 5 वर्ष तक बैतोर शिक्षक सेवा दी। सूबेदार मुख्तार सिंह ने 76 वर्ष की आयु में काफी दिनों तक बिमार से जुझने के बाद वीरवार रात्रि आखरी सांस ली। जैसे ही पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल को इसकी सूचना मिली तो एसोसिएशन के साथी उन के पैतृक गांव भानपुरा में पहुंचे। कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, कैप्टन मुख्तार सिंह यादव, कैप्टन बलजीत सिंह,रिसालदार बलदेव सैनी, सुबेदार बलबीर सिंह माजरा ने एसो प्रधान के साथ मिलकर पार्थिक शरीर पर तिरंगा ओढ़ाया और सभी पूर्व सैनिक अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

---

**33 केवी सब स्टेशन में स्थापित ट्रांसफार्मर की क्षमता 10 से बढ़ाकर 12.5 एमवीए होगी**

# शहर को जल्द मिलेगा बिजली कट से छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहरवासियों को अब जल्द ही बिजली कटों से छुटकारा मिलेगा। शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 33 केवी सब स्टेशन में स्थापित ट्रांसफार्मर की क्षमता 10 एमवीए से बढ़ाकर 12.5 एमवीए की जाएगी। इस कार्य के लिए 3 से 7 जनवरी तक 5 दिन का परमिट लिया गया है। इस परमिट के तहत शनिवार को सुबह 10 से लेकर दोपहर 12 बजे तक बिजली बंद की जाएगी। जबकि अन्य दिनों में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक मरम्मत का कार्य जारी रहेगा। इस दौरान संबंधित फीडर के अधीन आने वाले क्षेत्रों में बिजली बंद नहीं रहेगी। इस दौरान केवल जरूरी काम होने की इसे बंद किया जा सकता है।

बिजली निगम के कैथल शहर वन के एसडीओ शिवम बागड़ी ने बताया कि कार्य के दौरान सभी फीडरों का लोड वैकल्पिक ट्रांसफार्मर पर शिफ्ट कर दिया जाएगा, जिससे आम जनता को बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी और बिजली सुचारू रूप से चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से आगामी गर्मियों में बिजली लोड बढ़ने की स्थिति में भी निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस काम के पूरा होने के बाद 11 केवी सिटी-1, 11 केवी गुरु तेग बहादुर कॉलोनी, 11 केवी नहर कॉलोनी, 11 केवी ढांड रोड फीडर लाभांवित होंगे। जबकि ढांड रोड, अंबाला रोड, बी एंड आर रेस्ट हाउस, पूर्व विधायक आवास (एमएलए हाउस), शोरे वाला मार्ग, प्रोफेसर कॉलोनी, नहर कॉलोनी, ओल्ड मॉडल टाउन, जाट ग्राउंड के आसपास का क्षेत्र, गुरु तेग बहादुर कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र, करनाल रोड बस स्टैंड, न्यू अशोका गार्डन कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र लाभांवित होंगे।



**शहरवासियों को मिलेगी राहत**

कैथल शहर वन के एसडीओ शिवम बागड़ी ने बताया कि 33 केवी सब स्टेशन में स्थापित ट्रांसफार्मर की क्षमता 10 एमवीए से बढ़ाकर 12.5 की जाएगी। इससे शहरवासियों को गर्मी में लगने वाले कटों से छुटकारा मिलेगा।

---

# राष्ट्रपति अवार्डी आईपीएस देवेंद्र आर्य बने आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूंडरी के राष्ट्रपति अवार्डी आईपीएस देवेंद्र आर्य को आईजी के रूप में पदोन्नति मिली है। यूटी कैडर 2008 बैच के आईपीएसदेवेंद्र आर्य की गिनती देश के ईमानदार अफसरों में होती है और दिल्ली में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण केसों को सुलझाने का काम किया और उनके काम को देखते सरकार ने उन्हें राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित भी किया। आईपीएस के चाचा अनिल आर्य ने बताया कि इस समय में वे कैबिनेट सचिव के रूप में भारत सरकार में अपनी सेवाएं दे रहे है। नव वर्ष पर अब उन्हें आईजीके रूप में पदोन्नति मिली है। देवेंद्र की धर्मपत्नी विजेंयता आर्य भी आईपीएस अधिकारी है और दिल्ली में कार्यरत है। उनकी नियुक्ति पर उनके परिजनों में खुशी का माहौल है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दे कि आईपीएस देवेंद्र आर्य पूंडरी के रहने वाले दीवान चंद आर्य जो कि भारतीय रेलवे बोर्ड के पूर्व वित्त निदेशक रहे है के बड़े सुपुत्र है। दीवान चंद आर्य पूर्व पार्षद पंडित देवी दयाल के सबसे बड़े सुपुत्र है और वे सात भाई है।



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style

# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव



कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।



# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद



वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।

# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में



ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने एनएसएस कैंप में किया श्रमदान

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडा में स्वयं सेवकों ने सात दिवसीय एनएसएस कैंप में श्रमदान किया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्वयंसेवकों ने विद्यालय, गांव व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया। एनएसएस अधिकारी देवेंद्र कौशिक, प्रधानाचार्य डा. अशोक कुमार, तृप्ता देवी, पंकज कुमार, राजेंद्र शास्त्री ने भी बच्चों के साथ श्रमदान किया।

### जींदः स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर कल

**जींद।** युवा विकास समिति द्वारा चार जनवरी को गांव ईगराह के निजी स्कूल में एक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर व हरियाणा कला परिषद के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आंखों चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। यह जानकारी युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डिप्टी स्पीकर कृष्ण लाल मिढ़ा शिरकत करेंगे।

### मां और बेटी समेत तीन संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से मां व बेटी समेत दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव धरौदी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी तथा आठ वर्षीय बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

### पुलिस ने छापेमारी कर 170 लीटर लाहण पकड़ा

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव रोहड़ में छापेमारी कर 170 लीटर लाहण को बरामद कर एक व्यक्ति को काबू किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव रोहड़ निवासी दलीप अवैध शराब को कारोबार करता है। जो कच्ची शराब निकालने की तैयारी कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दलीप के ठिकाने पर छापेमारी कर तलाशी ली।

### मजदूरों को कुचलने की हो रही साजिश : जोगिंद्र

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला प्रधान जोगिंद्र ईगराह, सचिव संदीप जाजवान एवं कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ने जिला कमेटी की बैठक के बाद कहा कि श्रम मंत्री अनिल विज का बयान कि 90 दिनों की वेरिफिकेशन में फर्जीवाड़ा हुआ, सरासर झूठ और मजदूरों के साथ मजाक है। यह अज्ञानता नही बल्कि मजदूरों को कुचलने की सुनियोजित साजिश है।

### वीरेंद्र करसिंधु बने जीएसपी के प्रधान

**उचाना।** गुरू अरूण चंद्र महाराज के सान्निध्य में चल रहे जीएसपी (गुरू सेवक परिवार) उचाना कार्यकारिणी का गठन किया। प्रधान गुरू सेवक वीरेंद्र करसिंधु को बनाया गया। शुभम कापड़ो, विकास मखंड, अनुराग उचाना खुर्द, दीपक बनभौरी, प्रदीप, शुभम बंसल, शुभम मित्तल, रितिक गर्ग, आशीष जैन, नरेश बंसल, बबलू शर्मा, ऋषिपाल श्योकंद, शीलू बुडायन, श्रीभगवान, तरंग जैन, शिवम गोयल आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को एनएसएस महत्व बताया

**उचाना।** पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोधर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि एसएमसी प्रधान मंदीप खटकड़ एवं प्राचार्य बटुकेश्वर दत्त रहे। 12वीं कक्षा के लगभग 50 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

### स्कूटी सवार ने बालक के साथ किया कुकर्म

**जींद।** सदर थाना इलाका गांव में 11 वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित बालक की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ कुकर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत दिवस शाम को उसका 11 वर्षीय बेटा गली मे खेल रहा था।

## गुरु गोबिंद सिंह प्रकाशोत्सव पर नगर कीर्तन का आयोजन

# सवा लाख से एक लड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊ

### श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब के समक्ष टेका माथा

**गतखा, तलवारबाजी व युद्ध कला के करतब दिखा मोहा मन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। नगर कीर्तन के दौरान गतका खेलते हुए युवक। फोटो :हरिभूमि

कलगीधर पातशाह गुरू गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व की खुशी में शुक्रवार को शहर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब में सुजज्जित श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के समक्ष माथा टेक कर अपनी खुशी का इजहार किया। गुरूघर के प्रवक्ता बलविंदर सिंह के अनुसार नगर कीर्तन में गुरु ग्रंथ साहिब की अगुवाई पंज प्यारे कर रहे थे व सेवादार अपने गुरू के आगमन की खुशी में फूलों की वर्षा करते चल रहे थे। सुखमनी सेवा सोसायटी की सेवादार आगे-आगे झाड़ू की सेवा कर रहे थी। जबकि गुरू तेग बहादुर शब्दी जत्था पालकी साहिब के पीछे अन्य गुरुद्वारों के शब्दी जत्थों एवं संगतों के सहयोग से शब्द कीर्तन गायन करते हुए चल रहे थे। सुखमनी सेवा सोसायटी का जत्था श्री सुखमनी साहिब की बाणी का जाप करते चल रहा था तथा स्थानीय गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी भाई जसबीर सिंह रमदसिया का जत्था निरोल बाणी का शब्द कीर्तन गायन करते हुए नगर कीर्तन की शोभा बढ़ा रहे थे। पंजाब से आए मिलिट्री बैंड ने भी नगर कीर्तन को चार चांद लगा रखे थे। शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चे पी टी शो करते चल रहे थे तथा कई बच्चे पंज प्यारों की पौषाक में बडे आकर्षक लग रहे थे। रुपया चौक पर विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि डा. राजन चिल्लाना ने समूह संगत सहित नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब से शुरू होकर रानी तालाब, सिटी थाना, मेन बाजार, तांगा चौक, पंजाबी बाजार, झांझ गेट, सिंह सभा गुरुद्वारा भारत सिनेमा रोड पर पहुंचा। यहां जलपान छकने के बाद नगर कीर्तन रुपया चौक, बत्तख चौक, सफीदों गेट, कुंदन सिनेमा, बाल भवन, गोहाना रोड, रानी तालाब होकर देर सायं गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में पहुंचा। जहां गुरुद्वारा साहिब के मैनेजर गुरविंदर सिंह चौगामा एवं हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद के नेतृत्व में आतिशबाजी का प्रदर्शन कर के नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में शहर के सभी गुरुद्वारों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सरदाद्र करनैल सिंह निम्नाबाद ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने कहा था कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़िय़न ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। उनकी कही यह पंक्तियां आज भी जोश और उर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने इंसान से प्रेम करना ही ईश्वर की सच्ची भक्ति बताया।

**धार्मिक समागम का आयोजन आज**

गुरूघर प्रवक्ता बलविंदर सिंह ने बताया कि शनिवार को गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। सबसे पहले सुबह 10 बजे श्री गुरू ग्रंथ साहिब के रखे गए अखंड पाठ का भोग डाला जाएगा। इसके बाद गुरुद्वारा साहिब में धार्मिक समागम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाहर से आए रागी विद्वान कथा विचारक तथा ढाढी जत्थे ढाढी वारों द्वारा गुरू गोबिंद सिंह जी की जीवनी को संगतों के समक्ष रूबरू करेंगे।

**ये रहे मौजूद**

गतखा, तलवारबाजी व युद्ध कला के करतब दिखा मोहा मन नगर कीर्तन में रणजीत अखाड़ा गतका दल के सेवादारों व श्री गुरु तेग बहादुर गतखा दल की छोटी-छोटी लड़कियों ने तलवारबाजी, युद्धकला व लाठी चलाने तथा आत्मरक्षा के शानदार अपने अपने जौहर दिखाए। समूचे नगर कीर्तन का नेतृत्व जत्थेदार बाबा मान सिंह व शिरोमणि शहीद भाई दयाला, निहंग सिंह जत्थेबंदी, जत्थेदार बाबा बलबीर सिंह अपने दलबल के साथ घोड़ों पर सवार होकर कर रहे थे।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत


कलायत। कार्यक्रम अधिकारी सुभाष शास्त्री विद्यार्थियों को जानकारी देते।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन विविध विषयों पर ज्ञानवर्धक व्याख्यानों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं, सामाजिक कुरीतियों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। प्रथम सत्र में डीपीसी कार्यालय कैथल से आए मनोज पवार एपीसी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में गणितीय प्रश्नों को शीघ्रता से हल करने की तकनीकों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने दिशा व दूरी ज्ञात करना, पासों की सतहों की संख्या निकालना तथा गणितीय तर्कशक्ति से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, "यदि गणित को तर्क और अभ्यास के साथ पढ़ा जाए तो कठिन से कठिन प्रश्न भी सरल लगने लगते हैं।" बलजीत एपीसी ने दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने विभाग की ओर से छात्रों को मिलने वाली विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी।



हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राणा विद्यार्थियों को सम्मानित करते।

### समाज सेवा के प्रति किया प्रेरित

**कैथल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि, क्योड़क में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि सुमन राणा, सदस्य हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग पंचकुला हरियाणा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र ने की। एनएसएस अधिकारी अनिल शर्मा ने शिविर की गतिविधियों की जानकारी दी और स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। स्वयंसेवक छात्र कुलदीप एवं हिताक्षी ने पर्यावरण और अनुशासन के बारे मे अपने विचार रखे। सुमन राणा ने बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिक बनने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ किया। एनएसएस सहयोगी नरेश शर्मा व एनसीसी अधिकारी अशोक मौजूद थे।

### खेलों से शरीर स्वस्थ मजबूत और अनुशासित : सुरेंद्र सिंह

**ढांड।** बलिदानी केहर सिंह राजकीय वमावि ढांड में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चौथे दिन विद्यार्थियों को खेलों व समाज सेवा का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पीटीआई सुरेंद्र सिंह ने स्वयंसेवकों को वॉलीबॉल खेल खिलाया और खेलों के लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पीटीआई सुरेंद्र सिंह ने कहा कि खेलों से शरीर स्वस्थ, मजबूत और अनुशासित बनता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में सरकार की खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को अनेक सुविधाएं व अवसर मिल रहे हैं, जिनका लाभ उठाकर खिलाड़ी बड़े-बड़े पदों तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों को भी विशेष महत्व दें। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से हरियाणा के खिलाड़ी पूरे देश में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

### लक्ष्य तय कर मेहनत करने का आग्रह

**राजौंद।** गांव सोगल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में जेड किंग संस्थान कैथल से साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट स्नेहा मैडम ने बच्चों को साइबर सिक्योरिटी के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज साइबर सिक्योरिटी हमारे और हमारे परिवार के लिए कितनी अहम है, हमारी छोटी सी भूल हमारे लाखों रुपए उड़ा सकती है। उनके साथ आए फायर सेफ्टी एक्सपर्ट प्रदीप ने बच्चों को आग से बचाव के उपाय बताएं कि किस प्रकार से छोटी सी भूल हमारी संपत्ति को राख बना सकती है। पूर्व छात्र बंटी खटकड़ ने बच्चों को लक्ष्य तय करके मेहनत करने का आग्रह किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी मामला राम ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और कीमती समय देने के लिए धन्यवाद किया।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि


रक्तदाता सुनील दरोली को सर्टिफिकेट देते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### 31 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**उचाना।** मखंड में रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। गांव के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र से रक्तदान पहुंचे। 31 यूनिट रक्तदान हुआ। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा रक्तदाओं को सर्टिफिकेट दिए गए। रक्तदान आयोजक विकास मखंड ने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है। विधायक ने कहा कि जीवन में रक्तदान करते रहना चाहिए क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति साल में चार बार रक्तदान कर सकता है। हमारे द्वारा दिया रक्त किसी न किसी की जान बचाने काम करता है। इस तरह के शिविर आयोजित होने रहने चाहिए।

### सोशल मीडिया के सकारात्मक पहलू को अपनाएं

**नरवाना।** राजकीय वमावि सिंघवाल में 7 दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में कार्यरत असिस्टेंट प्रो. जगबीर दूहन विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि रहे। सोशल मीडिया का युवाओं के जीवन पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावश विषय पर विचार रखते कहा कि सोशल मीडिया के अंग फेसबुक इंस्टाग्राम व्हाट्सएप ट्विटरए यूटयूब आदि ने युवाओं के लिए सूचनाए ज्ञान और मनोरंजन के द्वार खोल दिए हैं। वहीं दूसरी ओर नकारात्मक प्रभावों के अंतर्गत युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर अवसाद, तनाव आत्मविश्वास की कमी भी बढ़ती जा रही है। इन संसाधनों पर भ्रम पैदा करने वाली सूचनाएं एवं फेक न्यूज भी युवाओं को गलत दिशा की ओर ले जा रही है। आज आवश्यकता है व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण के लिए सोशल मीडिया के सकारात्मक पहलू को जीवन में अपनाया जाए।


नरवाना। सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। शिविर में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**नरवाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल में एनएसएस शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ एनएसएस गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगाचार्य सुखविंदर रहे। उन्होंने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताया तथा इसके पश्चात विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। शिविर के दूसरे दिन अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गयाए जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। कक्षा 12वीं की छात्रा मिलन ने एचआईवी एड्स जैसी घातक बीमारियों से बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते विद्यार्थियों को जागरूक किया। छात्रा सृष्टि ने समाज में फैले भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषय पर अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि किस प्रकार भ्रष्टाचार समाज को खोखला कर देता है तथा लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर देता है। कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते बताया कि प्रत्येक छात्र समाज सुधार में किस प्रकार अपना योगदान दे सकता है।


जींद। योग ब्रेक में योग क्रियाएं करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### योग का अभ्यास करवाया

**जींद।** जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आयुष विभाग द्वारा चलाई जा रही योग ब्रेक श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को योग ब्रेक का अभ्यास करवाया गया। कार्यालय परिसर में आयुष विभाग के योग सहायकों नवनीत एवं कुलदीप द्वारा कर्मचारियों को योग ब्रेक का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को सूक्ष्म क्रियाएं, विभिन्न आसन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास करवाया गया। यह योग ब्रेक मात्र पांच मिनट का होता है, जिसका मुख्य उद्देश्य कार्यालय कर्मचारियों को मानसिक व शारीरिक रूप से तरोताजा रखना, कार्य के दौरान होने वाली थकावट को दूर करना तथा पुनः अपने कार्य पर बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित करने में सहायता करना है। योग ब्रेक श्रृंखला आयुष विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला ने बताया कि यह योग कार्यक्रम योग विशेषज्ञ आचार्य गोबिंदा की देखरेख में संचालित की जा रही है। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से कार्यालयों के लिए योग ब्रेक प्रोटोकॉल तैयार किया गया है।

## सरकार लोगों को सुविधा की बजाए दुविधाएं दे रही : सतपाल ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


सांसद सतपाल ब्रह्मचारी जरूरतमंदों में कंबल वितरित करते साथ में जिला प्रधान ऋषिपाल।

सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने तीर्थ पांडु पिंडारा स्थित अपने आश्रम में शुक्रवार को जरूरतमंदों में कम्बल वितरित करते कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता जहां भी है, वह मानव धर्म को बखूबी से निभाए ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति तन को जमाने वाले इन दिनों में ठंड से ना मरे। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की सोच है कि पार्टी अपने मूल कार्य को गंभीरता से करे। इसलिए जहां-जहां जरूरतमंद व्यक्ति मिले उसकी मदद के लिए अपने हाथ आगे बढ़ा दे। सांसद ने कहा कि जरूरतमंदो को जितनी सहायता दे सकते है वे निश्चित तौर पर देगें। इस दौरान कहा कि आने वाले दिनों में शहर के अंदर भी कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपूर, स्वामी चन्द्रानंद, सांसद प्रतिनिधि वजीर गांगोली, सोनू भारद्वाज, दीपक पिंडारा, विजय मोर लुदाना, कमल चौहान सहित अनेकों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकत्ता मौजूद थे।


जींद। निरीक्षण करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने किया कैंप का निरीक्षण

**जींद।** गतौली में कृषि विभाग द्वारा किसानों का एग्रीस्टैक योजना के तहत पंजीकरण करवाने के लिए आयोजित कैम्प का शुक्रवार को जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते कहा कि प्रत्येक किसान का एग्रीस्टैक के तहत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। एसडीएम होशियार सिंह ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों का प्रमाणिक डिजिटल डाटाबेस तैयार करना है। जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध तरीके से किसानों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक एक आधुनिक डिजिटल कृषि प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, फसल संबंधी विवरण, आय, ऋण और बीमा जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही स्थान पर सुरक्षित हो जाएंगी।

### तीन दिवसीय कराटे कैंप का शुभारंभ



**जींद।** तीन दिवसीय कराटे कैंप का शुभारंभ सीबीसएम खेल स्कूल निडानी में हुआ। जींद जिला कराटे संघ के सचिव कृष्ण सिंगरोहा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो जनवरी से चार जनवरी तक चौधरी भरत सिंह मेमोरियल खेल स्कूल निडानी में कराटे कैंप चलेगा। कैंप का शुभारंभ स्कूल के मुख्य सलाहकार दलीप सिंह, नेशनल कराटे इंडिया के प्रधान नरेंद्र मोर और स्कूल के निदेशक सुखबीर ने किया। नरेंद्र मोर ने बताया कि इस तरह के कैंप से खिलाडियों का सर्वांगीण विकास होगा। तीन दिन तक चलने वाले इस कैंप में खिलाडियों को एडवांस ट्रेनिंग करवाई जाएगी। कैंप के प्रथम दिन पंच और किक के बारे में बारीकी से सिखाया। कैंप के मुख्य प्रशिक्षक कृष्ण सिंगरोहा, राजेश तक्षक और मुनीत बेरवाल रहेंगे। अवसर पर कर्मदीप लाठर मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द**

**मनके महेश जैन पुत्र बालकिशन निवासी गोपाल नगर वार्ड न० 31 जीन्द तह० व जिला जीन्द**
**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के मध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री बालकिशन पुत्र श्री हुक्म चन्द जैन बरूए वसीका बयनामा नम्बर 1375 दिनांक 07-08-1986 दफ्तर सब रजिस्ट्रार साहब जीन्द अनुसार के रकबे को विक्रय/स्थानान्तरण/वसीयत / रिलीज डीड पत्र पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिमसें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व० बालकिशन पुत्र हुक्म चन्द जैन का देहांत दिनांक 19-02-2016 को हो चुका है, जिनकी मृत्यु पश्चात इनके निम्न वारिस है

| क्र. सं. | नाम | मृतक (बालकिशन) के साथ सम्बन्ध | आधार नम्बर |
|---|---|---|---|
| 1. | सन्तोष जैन | पत्नी | 2024-5416-2533 |
| 2. | निशा गर्ग | पुत्री | 5252-6557-8055 |
| 3. | महेश जैन | पुत्र | 3936-2804-4416 |
| 4. | आशु पंकज अग्रवाल | पुत्री | 7665-8480-0542 |

उपरोक्त के अलावा अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वो उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान/उत्तराधिकारी के बावत कोई शक या इतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना इतराज प्रस्तुत कर सकता है।

यह नोटिस बावत इश्तहार आज दिनांक 02 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, साहिब जीन्द

### आईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे अशोक गुर्जर

# बाल विवाह के खात्मे के लिए जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


भाजपा नेता अशोक गुर्जर आईटीआई में बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाते हुए।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर भाजपा नेता अशोक गुर्जर का आयोजकों ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया और छात्राओं ने तिलक लगाया। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अशोक गुर्जर ने कहा कि बाल विवाह गंभीर सामाजिक अभिशाप है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जागरूक होकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कहा कि शिक्षा, संवेदनशील सोच और सख्त कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से ही बच्चों का सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और अपने परिवार व समाज में भी बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करें। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने अधिकारियों के साथ विद्यार्थियों को भी बाल विवाह के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई। अतिथियों ने बाल संरक्षण कानूनों, बाल विवाह निषेध अधिनियम और बच्चों के अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। यह आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने और बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन भीमसेन अग्रवाल, प्रोटेक्शन ऑफिसर सुनीता शर्मा, संस्थान के प्रिंसिपल सतीश मच्छाल, एनजीओ कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार, वर्ग अनुदेशक राजबीर सिंह, संजय, शमशेर सिंह, सम्मानित अधिवक्तागण तथा बड़ी संख्या में मेधावी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### डॉ. देवेंद्र ने वालंटियर्स को स्वास्थ्य संबंधी सीख दी

**राजौंद।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में एन एस एस कैंप में शुक्रवार को डॉ देवेन्द्र ने स्वच्छ भारत स्वस्थ्य वालंटियर्स को स्वास्थ्य संबंधी सीख दी। उन्होंने मलेरिया, डेंगू,टी बी इत्यादि बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में अपने लक्ष्यों को प्राप्त करके देश की उन्नति में योगदान दे सकता है।

### 465 मरीजों ने करवाई नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

**नरवान।** जयराम अस्पताल में शुक्रवार को निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसमें 465 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों को दवाइयां भी मुफ्त दी गई। कैंप का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आमजन को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ चिकित्सको की सुविधा उपलब्ध करवाना है। कैलाश सिंगला के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर त्वचा जांच शिविर स्त्री रोग जांच शिविर आदि सेवाएं होती है।

### स्वयं सेवकों को करवाए योग आसन

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसान एनएसएस शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत एन एस कुरुक्षेत्र गुरुकुल से आए योगाचार्य अनिल आर्य और उनकी टीम ने स्वयं सेवकों को अनोमा विलोम, नियम आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि का पालन व स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया।

### न्यूनतम तापमान स्थिर तो अधिकतम में दो डिग्री की गिरावट आई

# छाए रहे बादल, ठंडी हवा चलने से दिनभर छुटती रही कंपकंपी

**मौसम फसलों के लिए फायदेमंद, बारिश की दरकार**



**जींद।** खेत में ओंस की बूंदों से खिली फसल। *फोटो : हरिभूमि*



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

परिवर्तनशील मौसम के चलते दिनभर मौसम में उतार-चढाव बना रहा। ठंडी हवा से दिनभर कंपकपी छुटती रही। सुबह कडाके की ठंड के साथ धुंध का असर रहा तो दिन मे बादलवाई भी आकाश में देखने को मिली। पूरा दिन सूर्य देवता के दर्शन नही हुए और लोगों को ठंड से राहत नही मिली। न्यूनतम तापमान स्थिर बना रहा जबकि अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 16 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान छह डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 81 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम विक्षोभ के आंशिक असर के चलते आकाश में बादलवाई दिखाई देगी। फिलहाल फसलों के लिए फायदेमंद माना जा रहा है।

#### फसलों के लिए मौसम अनुकूल

मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क बना हुआ है। ठंड भी अच्छी पड रही है। धुंध तथा कोहरा भी देखने को मिल रहा है। हलकी बूंदाबांदी भी हो चुकी है। कभी-कभी धूप भी निकल रही है। जो फसलों के लिए फायदेमंद है। ठंड से राहत मिलने के आसार फिलहाल नही हैं। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क बना हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक असर के चलते बादलवाई भी बनी हुई है। मौसम में उतार-चढाव बना रहेगा।

#### सूर्य के नहीं हुए दर्शन

शुक्रवार को दिन का आगाज कड़ाके की ठंड तथा आंशिक धुंध के साथ हुआ। हवा की गति भी तेज रही। दिन चढने के साथ धुंध छंट गई और बादलवाई आकाश में दिखाई दी। जिसके चलते लोग देरी से घरों से बाहर निकले। पहाडों की तरफ से चली हवा से दिनभर कंपकपी छुटती रही। दोपहर तक सूर्य देवता के दर्शन नही हुए और लोगों को ठंड से जरा सभी राहत नही मिली। ठंड को देखते हुए लोगों ने जल्दी से कामकाज निपटाए और घरों को लौट गए। शाम ढलने के साथ फिर से इलाका कडाके की ठंड के आवेश में समा गया।

### सड़क हादसों में कमी लाने की कवायद तेज

**जींद।** सड़क हादसों को कम करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पूरी तरह से और सही तरीके से पालना की जाए। सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यदि कहीं भी कोई कमी पाई जाती है तो उसके लिए संबंधित विभाग जिम्मेदार होगा। ये निर्देश शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित सड़क सुरक्षा की बैठक के दौरान उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने दिए। इससे पूर्व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परिवहन विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने इस संबंध में प्रदेश के सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने जिले के संबंधित विभागों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि इस माह को श्रोड सेफ्टी मंथ के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे तथा यातायात नियमों की सख्ती से पालना करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पैदल चलने वालों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फुटपाथों और पैदल रास्तों को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए। जहां फुटपाथ खराब हैं, वहां उनकी जांच कर आवश्यक मरम्मत करवाई जाए। जिन स्थानों पर पूर्व में सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठकों में पैदल यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को भी शामिल किया जाए। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वाले यात्रियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान किए जाएं तथा कैमरों के माध्यम से निगरानी रखी जाए। जिन सड़कों पर दोपहिया वाहनों की अनुमति नहीं हैए वहां उनका प्रवेश पूरी तरह से रोका जाए। उन्होंने कहा कि गलत दिशा या गलत लेन में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके लिए कैमरे, सड़क पर स्पष्ट निशान तथा अन्य सुरक्षा उपाय किए जाएं। प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। वाहनों में अत्यधिक तेज लाइटए नीली या चमकदार लाइट तथा बिना अनुमति वाले हूटर लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तय मानकों से अधिक रोशनी वाले वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जाए।

## आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाएंगे: विधायक



**उचाना।** मजदूरों से रूबरू होते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

- पुरानी अनाज मंडी में लेबर शेड के नीचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने सुनीं लोगों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पुरानी अनाज मंडी में लेबर शैड के नीचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा मजदूरों को कंबल बांटे। यहां पर बैठकर उनकी समस्याओं को सुना। विधायक ने कहा कि निरंतर हम समाज सेवा में जुड़ रहते है हमारी सरकार का मिशन भी ये है। जरूरतमंद परिवार कोई है जिसका बेटा-बेटी पढऩा चाहते है लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। हम ऐसे परिवार की मदद करेंगे। चुनाव लडऩे से पहले भी जब हलके के गांव में जाता था तो लोगों से अपील करता था कि हमारा शिक्षण संस्थान पहले भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को पढ़ा रहा है। अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कभी भी मिल सकता है उसको हर संभव मदद कर पढ़ाया जाएगा। अपने बच्चों को जरूर पढ़ाए। शिक्षा शेरनी का वो दूध है जो पीता है वो दहाड़ता है। अच्छी शिक्षा होगी तो हमारा देश आगे बढ़ेगा क्योंकि हमारा देश युवाओं के भरोसे है उनके कंधों पर देश है हमारे बच्चे ही देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं है इसलिए तीसरी बार सरकार में है। प्रदेश की मतदाता किसी के बहकावे में नहीं आएंगे। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेंगे। हर वर्ग के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। बिना पर्ची बिना खर्ची जैसे ऐतिहासिक कार्य करके दिखाए है। पहले की सरकारों में क्या होता था ये किसी से छिपा नहीं है। निरंतर लोगों के बीच रहते है। लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति को सुविधाएं देना हमारी सरकार का उद्देश्य है। 2047 के विकसित भारत में 2026 का अहम योगदान रहेगा। कपास मंडी में मार्केट कमेटी चेयरमैन कार्यालय परिसर में सुख समृद्धि कामना की।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा, संदीप चहल, रमेश राणा, प्रवीण गर्ग, शीशपाल चहल, शीशपाल शास्त्री, संजय चहल, सतबीर, पवन, रामनिवास करसिंधु, पंकज पार्षद, सुरेश गर्ग, ओमदत्त डाहोला, धर्मबीर कश्यप, रमेश, हरिकेश, प्रवीण शर्मा मौजूद रहे।

## बैंच की ओर से नव वर्ष में वकीलों को पूर्ण सहयोग मिलेगा: अजय पराशर

- जिला बार एसोसिएशन की ओर से नव वर्ष के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** कार्यक्रम में उपस्थित सैशन जज और अधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

जिला बार एसोसिएशन की ओर से बार रूम में नव वर्ष के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैशन जज अजय पाराशर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने की। समारोह में एडीजे डा. नंदिता कौशिक, अनुपमिश मोदी, अमित गर्ग, स्पेशल जज पारीवारिक न्यायालय देवेन्द्र सिंह, मोहित अग्रवाल, सीजेएम विनोद कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम कंवल कुमार, जेएमआईसी संदीप कौर, अंकिता महाजन, तुषार शर्मा, प्रिंस कुमार, जसमीत कौर, डीसी अपराजिता, एसपी उपासना तथा जिला उपभोक्ता आयोग की प्रेजीडेंट नीलम कश्यप भी उपस्थित थे। सबसे पहले बार रूम में पहुंचने पर एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा, उप प्रधान हेमराज वधवा, सचिव सचिन सिंघल, सहसचिव अमित रोहिला, कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया ने सभी जजों और अधिकारियों का फूलों से स्वागत किया। प्रधान संदीप शर्मा ने कहा कि वकील हमेशा बैंच के साथ सहयोग करते रहे हैं।

## स्वयंसेवकों को फर्स्ट एड की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के दूसरे दिन एनएसएस स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी प्राप्त की। फस्र्ट एड ट्रेनर राममेहर ने सभी स्वयंसेवक व सेविकाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने सभी छात्रों को बताया की किस प्रकार एक एनएसएस वोलंटियर समाज में व्याप्त बुराई को दूर करने में अपना अहम योगदान दे सकता है तथा अपने राष्ट्र की सेवा कर सकता है, इसकी विस्तृत जानकारी सांझा की। एनएसएस अधिकारी राजेश लाम्बा ने सभी छात्रों की एनएस की स्थापना से लेकर एनएसएस के महत्व की विस्तृत जानकारी छात्रों को बताई।




**जींद।** बच्चों को फस्र्ट एड की जानकारी देते हुए ट्रेनर। *फोटो :हरिभूमि*

## डीसी अपराजिता ने किया सहकारी चीनी मिल कैथल का दौरा

- चीनी निर्माण प्रक्रिया की ली गहनता से जानकारी, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** डीसी अपराजिता चीनी मिल का दौरा करते हुए।

डीसी अपराजिता ने शुक्रवार को सहकारी चीनी मिल कैथल में कार्यकारिणी समिति की बैठक ली। बैठक के बाद मिल का दौरा करते हुए चीनी बनाने की प्रक्रिया की गहनता से जानकारी ली। डीसी ने मिल क्षेत्र के किसानों का आह्वान किया कि वे परंपरागत विधि को छोड़कर आधुनिक तरीके से गन्ने की खेती करें, जिससे कम लागत व कम समय में संसाधनों का समुचित उपयोग करके बेहतर व अधिक उत्पादन लिया जा सके। गन्ने का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए मिल प्रबंधन द्वारा सार्थक प्रयास किए जाएं व अधिक से अधिक किसानों को गन्ने की बिजाई के लिए प्रेरित किया जाए डीसी ने चीनी मिल में चीनी निर्माण प्रक्रिया के बारे में अधिकारियों से गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने चीनी निर्माण में लागत मूल्य कम करने के लिए सभी को सार्थक प्रयास करने बारे प्रेरित किया। मशीनरी में आवश्यक सुधार करने के निर्देश देते हुए कहा की बेहतर मशीनरी से अधिक उत्पादन करके मिल को घाटे से उबारने के प्रयास किए जाए।

## 7 को खानपुर के खेल स्टेडियम में होगी महिला खेल-कूद प्रतियोगिता

- सीडीपीओ गुरजीत कौर करेंगी अध्यक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

महिला सशक्तिकरण, खेल भावना और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 जनवरी को गांव खानपुर स्थित खेल स्टेडियम में भव्य महिला खेल-कूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाएगा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ गुरजीत कौर द्वारा की जाएगी। इस प्रतियोगिता में सीवन ब्लॉक के अधीन विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों से जुड़ी महिलाएं एवं युवतियां बड़ी संख्या में भाग लेंगी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और युवतियों को खेल के माध्यम से आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और जागरूक बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन विशेष रूप से तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को आयु वर्ग के आधार पर दो श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा। 30 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के लिए डिस्कस थ्रो, म्यूजिकल चेयर तथा 100 मीटर दौड़, जबकि 30 वर्ष से नीचे आयु वर्ग के लिए 300 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ तथा 5 किलोमीटर साइकिल दौड़ आयोजित की जाएंगी। विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के अनुसार क्रमशः 2100, 1100 और 750 की नकद राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा।



सीडीपीओ गुरजीत कौर

## नई शिक्षा नीति पर अभिभावक शिक्षा विषयक कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में सीबीएसई द्वारा डोमेन-2 के अंतर्गत अभिभावक शिक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत अभिभावकों को शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में रूबी दलाल और मोहित कुमार विशेष रूप से आमंत्रित रहे। स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी और एसटीएनसी विकास जैन द्वारा रिसोर्स पर्सन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए रूबी दलाल ने नई शिक्षा नीति-2020 के तहत किए गए महत्वपूर्ण परिवर्तनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है, जिसके लिए स्कूली और उच्च शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को अधिक समग्र, लचीला, बहुविषयक, शिक्षार्थी-केंद्रित और नवाचार उन्मुख बनाया गया है।



**पूंडरी।** कार्यशाला के दौरान संबोधित करती रूबी दलाल। *फोटो :हरिभूमि*

## नपा पूंडरी में सचिव नरेश कुमार की भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

नगरपालिका पूंडरी के सचिव नरेश कुमार का स्थानांतरण सिरसा होने पर नगरपालिका कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चेयरमेन, पार्षदों और नगरपालिका स्टाफ ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। साथ ही झज्जर से स्थानांतरित होकर पूंडरी पहुंचे नए सचिव मोहन लाल का पुष्प गुच्छा भेंट कर स्वागत किया गया। विदाई के दौरान नरेश कुमार ने कहा कि पूंडरी में कार्यकाल के दौरान उन्हें जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि टीमवर्क और आपसी समन्वय से नगर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया और भविष्य में भी पूंडरी के विकास की कामना करते हैं। नए सचिव मोहन लाल ने स्वागत के लिए आभार जताते हुए कहा कि नगरपालिका पूंडरी में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर पार्षद सतीश हजवाना ने कहा कि नरेश कुमार का कार्यकाल सराहनीय रहा।



**पूंडरी।** नए सचिव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते पार्षदगण। *फोटो :हरिभूमि*

### वॉटर प्यूरीफायर रूम का किया उद्घाटन

*राजौंद। राजकीय मॉडल संस्कृति मॉडल स्कूल सौंगल में पीने का पानी के रूम का उद्घाटन किया गया। इसमें वाटर कक्षा और वाटर कूलर जरमेल सिंह द्वारा दिया गया। जबकि गांव के सरपंच द्वारा प्यूरीफायर सिस्टम लगवाया गया और पंचायत समिति के सदस्यों ने भी इसमें अलग-अलग तरह से सहयोग किया। जिससे विद्यालय के बच्चों को साफ और स्वच्छ पानी पीने को मिलेगा। इससे विद्यालय के बच्चों व अभिभावकों में खुशी की लहर है। इस दौरान सरपंच मीना कुमारी,सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य राजेश माजरा, गुरमेल फौजी, राजकुमार,ओमप्रकाश, प्रधानाचार्य रमेश कुमार, मुख्य शिक्षक रामेश्वर दास ईश्वर सिंह,प्रेम प्रकाश, स्कूल प्रबंधन समिती,स्टाफ सदस्यों में बसंत लाल नरेश बलजीत सुखबीर महेश सतीश सुशील गुरविंदर दिलबाग व अभिभावक मौजूद रहे।*

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

## स्वयंसेवकों ने स्वच्छ, स्वस्थ भारत और नशा छोड़ने का प्ररण लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण की भावना के साथ किया गया। इसके दूसरे दिन की गतिविधियां विशेष रूप से आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तथा समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य पर केंद्रित रही। विद्यालय परिसर में दिन का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। जिसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों को दिनभर की गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भर भारत विषय पर अपने विचार लिखे। विद्यार्थियों ने इस विषय को केवल एक सरकारी योजना के रूप में नही बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने लेखों में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्वरोजगार, कौशल विकास, स्थानीय संसाधनों के संरक्षणए डिजिटल भारतए महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रभावशाली ढंग से उकेरा। विद्यार्थियों के विचारों से यह स्पष्ट हुआ कि आज की युवा पीढ़ी देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता को लेकर सजग, जागरूक और जिम्मेदार है। विद्यार्थियों ने अपने लेखन में यह भी उल्लेख किया कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे। कई विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि हमें नौकरी तलाशने वाला नही बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहिए।




**जींद।** जागरूकता रैली को रवाना करते अतिथि। *फोटो :हरिभूमि*

#### सेवा भावना को अपनाने की सीख दी

मुख्य अतिथि कर्मपाल शास्त्री ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और सेवा भावना को अपनाने की सीख दी। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को नेतृत्वए टीमवर्क और सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है। जो भविष्य में उन्हें एक अच्छा नागरिक बनने में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य मैं नही आप की भावना को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत तभी संभव है जब प्रत्येक युवा अपने भीतर आत्मनिर्भरता की सोच विकसित करे।

#### रैली को झंडी दिखाई

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कर्मपाल शास्त्री और विशिष्ट अतिथि चैन सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की नींव आज के युवाओं के हाथों में है। यदि युवा सही दिशा में सोचें और कार्य करें तो भारत को आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना और लोगों को सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करना अत्यंत सराहनीय कार्य है।